हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

अष्टम् सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 62

बुद्धवार, 11 मार्च, 2015/20 फाल्गुन, 1936(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

(राष्ट्रीय गान गाया गया)

11-00-40 AM

महामहिम राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

11-03-40 AM

(तत्पश्चात राष्ट्रीय गान गाया गया)

11-08-00 AM

श्रीमती आशा कुमारी, सभापति ने सदन के सभी सदस्यों को सूचित किया कि सदन की बैठक 11.45 बजे पूर्वाह्न पुनः आरम्भ होगी।

11-48-30 AM

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में 11-48-30 बजे पूर्वाह्न आरम्भ हुई ।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा

माननीय अध्यक्ष ने बैठक के आरम्भ में वर्तमान बजट सत्र में भाग लेने के लिए सभी मंत्रीगण, विधायकों विशेषकर सदन के नेता, श्री वीरभद्र सिंह व विपक्ष के नेता प्रो0 प्रेम कुमार धूमल का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनका भरसक प्रयास रहेगा कि माननीय सदस्यों को

सदन में अपनी-अपनी बात रखने का पूर्ण अवसर मिले, वहीं उनसे भी अपेक्षा की कि वे भी नियमों की परिधि में रह कर चर्चाओं को सार्थक बनायें।

11-49-00AM

1. **साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्यः**

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री ने वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची से सदन को अवगत करवाया।

11-50-00 AM

2. **स्वीकृत विधेयक सभा पटल परः**

सचिव, विधान सभा ने निम्न विधेयकों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखी, जिन्हें महामहिम राज्यपाल महोदय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैः-

1. हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 1);
2. हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 2);
3. हिमाचल प्रदेश (होटल और आवास गृह) विलास-वस्तुएं कर द्वितीय संशोधन विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 3);
4. हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस (संशोधन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 4);
5. हिमाचल प्रदेश विद्युत वितरण प्रबंधन उत्तरदायित्व विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 5);
6. हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 6);
7. हिमाचल प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 7);

8. अभिलाषी विश्वविद्यालय (स्थापना और विनियमन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 8);

9. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 9); और

10. हिमाचल प्रदेश न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2014 (2015 का अधिनियम संख्यांक 10)।

11-51-05 AM

3. अनुपूरक बजट (प्रथम एवं अन्तिम किस्त) वित्तीय वर्ष 2014-2015 का प्रस्तुतीकरणः-

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2014-2015 की अनुपूरक अनुदान मांगें प्रथम तथा अन्तिम किस्त सदन में प्रस्तुत की।

पूर्वाह्न 11-55-54 बजे सदन की बैठक वीरवार दिनांक 12 मार्च, 2015 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई।